हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बंटवारा ...



05 अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजा कर...



## 18 महीने में बनकर तैयार होंगे तीनों रेलवे ओवरब्रिज, 50 हजार लोगों को होगा फायदा

# हाउसिंग बोर्ड से आरओबी का श्रीगणेश, अतिक्रमण हटाकर की सफाई, एजेंसी मार्किंग कर करेगी खुदाई

फंदा फाटक, तूमड़ा और हाउसिंग बोर्ड फाटक पर बनाए जा रहे हैं रेलवे ओवरब्रिज, भोपाल आने-जाने वाले लोगों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-रतलाम रेलवे ट्रेक फाटक क्रमांक 104, 107, 108 पर 82 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) के कार्य का बुधवार से श्रीगणेश हो गया। निर्माण एजेंसी शुरूआत में आरओबी बनने वाली जगह पर साफ सफाई करा रही है, उसके बाद मार्किंग कर खुदाई करेगी। तीनों ओवरब्रिज बनने से 50 हजार से ज्यादा लोगों को आवाजाही करने में राहत मिलेगी। वही पटरी पार करते समय आए दिन होने वाले हादसों पर भी विराम लगेगा। यह ओवरब्रिज सीहोर के लिए भी बड़ी सौगात है।

शासन से तीनों रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति के बाद सर्वे हुआ, लेकिन टेंडर व एग्रीमेंट नहीं होने की वजह से काम प्रारंभ नहीं हो सका था। ब्रिज कॉर्पोरेशन विभाग के अधिकारियों के अनुसार टेंडर के बाद एग्रीमेंट की प्रक्रिया होते ही 13 दिसंबर से तीनों ही जगह कार्य शुरू हो गया है। इन तीनों ही ओवरब्रिज को पूरी तरह से बनाकर तैयार करने 18 महीने की समय सीमा रखी गई है। विभाग की तरफ से निर्माण एजेंसी को भी इसे लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश देकर काम में किसी तरह की लेटलतीफी नहीं करने की बात कही है।

### कहां कितनी लागत से बनेंगे तीन ब्रिज



**01 स्थान: हाउसिंग बोर्ड**

| | |
|---|---|
| फाटक क्रमांक: | 104 |
| लागत: | 25 करोड़ |
| लंबाई: | 700 मीटर |
| चौड़ाई: | 15 मीटर |
| पिलर: | 24 |

**क्या होगा फायदा:**
इस जगह से प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा लोग निकलते हैं। अभी ट्रेन आने पर फाटक बंद होने से उनको काफी परेशानी होती है और समय अलग बर्बाद होता है। कई लोग इस स्थिति में गेट लगने के बाद भी नीचे से निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में रहती है। इस समस्या से उनको ओवरब्रिज बनते ही हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

**02 स्थान: फंदा फाटक**

| | |
|---|---|
| फाटक क्रमांक: | 107 |
| लागत: | 28 करोड़ |
| लंबाई: | 700 मीटर |
| चौड़ाई: | 15 मीटर |
| पिलर: | 21 |

**क्या होगा फायदा:**
15 मीटर चौड़ाई वाले ओवरब्रिज में 12 मीटर चलने के लिए जगह रहेगी। वही डेढ़-डेढ़ मीटर के दोनों साइड फुटपाथ की जगह छोड़ी जाएगी। इस जगह पर लोग पैदल भी आसानी से आना जाना कर सकेंगे। यह ओवरब्रिज सीहोर के अलावा आसपास के करीब 15 से ज्यादा गांव के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जिस पर चलने का इंतजार कर रहे हैं।

**03 स्थान: तूमड़ा फाटक**

| | |
|---|---|
| फाटक क्रमांक: | 108 |
| लागत: | 29 करोड़ |
| लंबाई: | 700 मीटर |
| चौड़ाई: | 15 मीटर |
| पिलर: | 20 |

**क्या होगा फायदा:**
यह आरओबी सीहोर और भोपाल जिले की सीमा पर बन रहा है। इससे समझा जा सकता है कि यह सीहोर व भोपाल दोनों जिलों के लोगों के लिए काफी हद तक बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। ब्रिज बनने के बाद ट्रेन आने पर हर कभी गेट लगने से रास्ता बंद होने की समस्या से उनको राहत मिलेगी। वह ब्रिज के ऊपर से बेधड़क होकर आना जाना कर सकेंगे।

### निर्माण एजेंसी ने हटाया अतिक्रमण

आरओबी का निर्माण शुरू करने वाले वाली गुजरात की निर्माण एजेंसी ने बुधवार को हाउसिंगबोर्ड कालोनी के सामने पुराने इंदौर हाईवे किनारे अतिक्रमण करने वालों को हटाया। गुमठियों का हटाने के बाद जगह को समतल किया गया है। यहां लोगों ने अवैध रूप से गुमठियां रख कर अतक्रमण कर लिया था। जगह को समतल करने के बाद यहां आरओबी के लिए मार्किंग कर अब खुदाई शुरू की जाएगी। विधानसभा चुनाव से पूर्व तीनों आरओबी का भूमिपूजन हो गया था, लेकिन इसके बाद काम शुरू नहीं हो सका। अब आचार संहिता हटने के बाद एक बार फिर आरओबी निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है।

**काम शुरू हो गया है**

बुधवार से तीनों ही आरओबी बनने का काम शुरू हो गया है। शुरूआत में आरओबी बनने वाली जगह की साफ सफाई कराई जा रही है। इसके बाद मार्किंग कर खुदाई का काम शुरू होगा। निर्माण एजेंसी को 18 महीने में आरओबी बनाने की समय-सीमा दी गई है।

**कैलाश वर्मा,** सब इंजी. ब्रिज कार्पो. विभाग भोपाल

## खबर संक्षेप

### राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक के लिए पार्यवेक्षक नियुक्त

**सीहोर।** जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 17 दिसंबर,2023 को दो शास्त्रों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर 8 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोग ने परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त इस महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक, निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए सेवा.नि.आईएएस श्री बीआर नायडू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। नियुक्त पर्यवेक्षक श्री नायडू का मो.-942560233 है। पार्यवेक्षक आवश्यकता अनुसार भ्रमण कर सकते हैं। परीक्षार्थी किसी भी तरह की गड़बड़ी या व्यवस्था के लिए शिकायत पर्यवेक्षक को कर सकते हैं। नियुक्त पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था भी देखेंगे। पार्यवेक्षक परीक्षा दिनांक 17 दिसम्बर को आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। परीक्षा संबंधि किसी भी शिकायत पर प्राथमिकता के साथ जांच कर निराकरण की व्यवस्था की जाएगी।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह आज से शुरू

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के तत्वावधान में 14 से 21 दिसम्बर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान सभी स्थानों पर बिजली बचत के संदेश को प्रसारित करने वाले आयोजन होंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण संबंधी शपथ कार्मिकों को ग्रहण कराई जाएगी। इसी प्रकार कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी क्षेत्रीय, वृत्त, संभाग तथा विद्युत वितरण केन्द्रों पर कार्यालय प्रमुख के द्वारा कार्मिकों को ऊर्जा संरक्षण शपथ दिलाई जाएगी। इसी दिन कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी कार्यालयों में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह संबंधी बैनर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर लगाए जाएंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया है कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्कूली बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता के द्वारा ऊर्जा बचत एवं संरक्षण तथा सोलर रूफटॉप के संबंध में चित्र उकेरने का अवसर मिलेगा।

## दोराहा पुलिस की कार्रवाई, 30 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले की दोराहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी जमील उर्फ बाबू निवासी भोपाल के साथ षडंयत्रकारी मुजीम निवासी दोराहा को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को रिजवान अपने पिता नवाब खां ने रिपोर्ट की थी कि नसीम खां व उसके साथी जमील उर्फ बाबू निवासी भोपाल ने जान से मारने की नीयत से गोली मारी। पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा प्रकरण के आरोपी नसीम खां व उसके साथी जमील उर्फ बाबू को गिरफ्तार के लिए 30 हजार के इनाम की घोषणा की थी।

आरोपी जमील उर्फ बाबू पिता खलीद निवासी नारियल खेड़ा भोपाल को न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की गयी जिसके द्वारा दोराहा के मुजीम पिता इशाक अली निवासी दोराहा द्वारा आरोपी नसीम पिता बन्ने खां जो कि मुजीम का रिश्तेदार है से लगातार बात कर अपने धाक दोराहा मे जमाने के लिए नसीम को बुलाकर गोली चलवायी। प्रकरण में आरोपी जमील खां उर्फ बाबू पिता खलीद खां के साथ ही आरोपी मुजीम पिता इशाक अली निवासी दोराहा को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए गए है।

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है। एचएसआरपी लगाने के लिए 15 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। नियत तिथि के पश्चात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में इलाज के अभाव में फिर हुई प्रसूता महिला की मौत, परिजन ने लगाए आरोप

**तीन दिन से भर्ती महिला की हालत में सुधार का दिलाते रहे दिलासा अब अस्पताल प्रबंधन कह रहा हार्ट अटैक से हुई मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सुन लो सरकार... जिला अस्पताल में इलाज के अभाव में फिर एक महिला की मौत हो गई। महिला को डिलेवरी के लिए तीन दिन पहले भर्ती किया गया था। अस्पताल के डॉक्टर परिजनों को भर्ती महिला के इलाज के दौरान सेहत में सुधार होने का दिलासा देते रहे। अंत में कह दिया की हार्ट अटैक आ जाने से मौत हो गई। ये कहानी तीन दिन से भर्ती ग्राम कोलूखेड़ी इछावर की महिला की कहानी है।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से उनकी बेटी की मौत हो गई। समय पर अस्पताल प्रबंधन उपचार में लाभ नहीं होने का बता देता तो वह प्राइवेट अस्पताल में उपचार करा लेते। जिससे महिला जान को बच जाती है। जिला अस्पताल के डिलेवरी वार्ड में जो हो जाए कम है। डिलेवरी वार्ड में महिला डॉक्टरों और स्टाफ की मनमानी के आगे मरीज और उनके परिजन परेशान होते रहते हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती है। मरीजों के परिजनों डॉक्टरों से कोई बात कहते हैं तो डॉक्टर और स्टाफ सहयोग नहीं करने और अनावश्यक दबाव बनाने की चेतावनी देकर पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कहते हैं। या फिर अस्पताल से मरीजों को अन्य अस्पताल में इलाज कराने ले जाने का कह देते हैं।

कुछ डॉक्टर को प्राइवेट अस्पताल में मरीजों को ले जाने सीधा सा जवाब दे देते हैं। इससे पहले से ही परेशान मरीज और परिजन चाहकर भी डॉक्टरों और स्टाफ की सुनने को मजबूर हो जाते हैं।

### ये है मामला

तीन दिन पहले ग्राम कोलू खेड़ी इछावर निवासी 22 वर्षीय लक्ष्मी बारेला को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया था। महिला के ससुर तुकाराम बारेला बारेला ने आरोप लगाया कि डॉक्टर बार-बार कह रहे थे की महिला की हालत में सुधार हो रहा है। तीन दिन में ड्यूटी पर तैनात अलग-अलग डॉक्टरों ने उनकी बहु को देखा। बाद में कह दिया कि हार्ट अटैक आने से मौत हो गई।

तुकाराम ने कहा कि अगर वो समय से उनकी बहू की तबीयत खराब होने की बात बता देते तो वह बहू को निजी क्लीनिक में उपचार के लिए ले जाते और शायद उनकी जान बच जाती, लेकिन अस्पताल स्टाफ लापरवाही बरतता रहा। इससे उनकी बहू की मौत हो गई। उन्होंने दोषी डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ पर कार्रवाई करने की बात कही।

**सुबह से ही महिला की पल्स और बीपी लगातार होने लगी थी कम:** सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सुबह से ही महिला की पल्स और बीपी लगातार कम होने लगी थी। महिला को पहले से कई बीमारियां भी थीं। इसके चलते उनकी और उनके बच्चे की मौत हो गई। मौत का आरंभिक कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है।

## उपभोक्ता फोरम की सीहोर में आज जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए वृत्त कार्यालय सीहोर में 14 दिसम्बर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा इस जनसुनवाई में सीहोर वृत्त अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 126, 135 तथा 138 को छोड़कर शेष शिकायतें जैसे विद्युत बिल से संबंधित, मीटर से संबंधित, नवीन कनेक्शन में विलंब, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज से संबंधित, लोड शेडिंग,अधिसूचित विद्युत कटौती, सुरक्षा निधि पर ब्याज अदायगी इत्यादि शिकायतों की सुनवाई की जाएगी तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि दशहरा वाला बाग, मंत्री पेट्रोल पम्प के पास, इंदौर नाका स्थित वृत्त कार्यालय सीहोर में 14 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 तक आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई के माध्यम से बिजली उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण कराने के लिए प्रातः 11 बजे से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित दो अधिकारी को नोटिस

**सीहोर।** मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थि 2 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 11 एवं 12 दिसंबर को सीएमएचओ कार्यालय में सीएचओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिसमें डॉ.पीयूष सविता सामु.स्वा.अधिकारी सीएचसी दोराहा तथा डॉ.शताक्षी दुबे सामु.स्वा.अधिकारी सीएचसी श्यामपुर अनुपस्थित रहें। अनुपस्थित सीएचओ के कृत्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के मानव संसाधन मैनुअल 2021 के अंतर्गत कदाचरण व अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए प्रशिक्षण अवधि का मानदेव अवैतनिक किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा 3 दिवस में प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देशित किया गया है।


## 15 फरवरी से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा, 10वीं की 31 और 12वीं की 2 अप्रैल तक चलेगी

# 10वीं के सभी पेपर 80 अंक के, 12वीं में केमिस्ट्री फिजिक्स और बायोलॉजी के पेपर 70 अंक के होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 2024 में होने वाले 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। 10वीं के पेपर 13 मार्च को खत्म होंगे और 12वीं के 2 अप्रैल को खत्म होंगे।

15 फरवरी से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। बोर्ड एग्जाम से पहले होने वाले प्रैक्टिकल एग्जाम की तारीख सीबीएसई ने पहले ही रिलीज कर दी गई थी। 10वीं और 12वीं दोनों ही क्लासेज के प्रैक्टिकल एग्जाम 1 जनवरी से 15 फरवरी 2024 के बीच होने हैं।



इस साल जुलाई 2023 में ही सीबीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर बता दिया था कि इस साल 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा करीब 55 दिनों तक चलेंगी। एग्जाम 15 फरवरी 2024 को शुरू होंगे और 10 अप्रैल तक चलेंगे। सीबीएसई ने इस नोटिफिकेशन में ये भी कहा है कि किसी भी परीक्षा का आयोजन करने वाले सभी संगठनों से अनुरोध है कि वे बोर्ड परीक्षाओं के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए अपनी परीक्षाओं की तारीखें तय करें।

### 10वीं: 20 अंक असाइनमेंट के मिलेंगे

10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में हर विषय का पेपर कुल 80 अंक का होगा। बचे हुए 20 मार्क्स की ग्रेडिंग पीरियोडिक टेस्ट्स, असाइनमेंट और स्किल बेस्ड एक्टिविटी या प्रोजेक्ट वर्क से दिए जाएंगे। 10वीं के बोर्ड एग्जाम में 40 प्रतिशत सवाल एससीक्यू टाइप होंगे, 20 प्रतिशत सिचुएशन बेस्ड और 40 फीसदी सवाल शॉर्ट् या लॉन्ग आंसर टाइप होंगे। सभी सवाल तीन घंटे में हल करने होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक रहेगा।

## दरांते से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी, कोर्ट ने सुनाई छह माह की सजा

**सीहोर।** हसिया से मारपीट करने वाले एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को छः माह का सश्रम कारावास एंव 1000 रुपये का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री निधु श्रीवास्तव ने आरोपी रामफुल मीना पिता गिरधारी मीना को धारा 324 भादवि मे छः माह का सश्रम करावास एंव 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन का संक्षिप्त विवरण यह है कि दिनांक 23 मार्च 2020 लगभग दोपहर 2 बजे फरियादी अपने कुएँ पर बने घर के सामने थी, तभी मेड पडोसी अभियुक्त रामफूल मीणा आया और कहने लगा कि उसकी मेढ पर गड़े पत्थर उखाड दिये। फरियादी ने कहा नहीं उखाड़े। इसी बात पर से अभियुक्त रामफूल ने फरियादी को दरांते से मारा जो फरियादी के उल्टे हाथ में लगा व खून निकलने लगा। घटना में बीच बचाव हरिओम एवं धनकुबर बाई ने किया था।

अभियुक्त जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे रहा था। घटना के संबंध में फरियादी द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई, इसके आधार पर धारा-324 व 506-ए भारतीय दण्ड संहिता, पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण मे शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने की।

## खबर संक्षेप



### प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बांटी सामग्री

**हाटपिपल्या।** शासकीय शाला भोपापुरा में बच्चो का स्तर पढ़ाई में बहुत ही अच्छा है। यहा के बच्चो को हिंदी ,अंग्रेजी और पहाड़े अच्छे से आते है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बच्चो को स्वेटर गुप्त दान की गई। शिक्षण सामग्री डा गणेश पराशर के द्वारा दी गई। कापी ,पेन ,पेंसिल ,रबर , शापनर, ब्रश , पेस्ट,बाड़ीलोशन ,मोजे ,जूते आदि सामग्री गुप्त दान में दी गई।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया शिविर आयोजित

**देवास।** जिला मुख्यालय पर वृद्धाश्रम बसेरा में सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नियमित रूप से समय-समय पर जांच और उपचार किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक विशेषज्ञो की टीम द्वारा सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सभी वृद्वजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, हृदय रोग व उच्च रक्त चाप एवं मधुमेह सहित अन्य जांच कर बचाव के प्रति परामर्श दिया एवं पौष्टिक आहार व जीवन शैली में परिवर्तन के बारे में बताया। शिविर में मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. बी.आर. शुक्ला उपिस्थत थे।

### देवास विकासखंड की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा में ग्रामीणों से रूबरू हुए कलेक्टर गुप्ता

# ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बंटवारा कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलंबित करने के दिए निर्देश

### ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया तथा ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की एवं ग्रामीणों की समस्यों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने सीईओ जिला पंचायत को हाई स्कूल परिसर में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय एक साथ होने पर अतिरिक्त कक्षो का निर्माण करने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिये। स्कूल में स्मार्ट बोर्ड का अवलोकन किया एवं स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढाने के निर्देश दिये। स्कूल को प्राप्त स्मॉर्ट टीवी अन्य स्कूल जहां पर टीवी नहीं है, वहां देने के निर्देश दिये। एसडीएम को स्कूल का सीमांकन करने के निर्देश दिये। स्कूल में जो बच्चे नहीं आ रहे है, उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा में आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा-सुकल्या में ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की एवं ग्रामीणों की समस्यों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि नल जल योजना का संचालन एवं जल कर वसूली का स्व सहायता की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस कलेक्टर ने हर्षा पटेल को नल जल योजना का सफल संचालन करने पर बधाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अलीपुर-क्षिप्रा में लगभग आधा किलो मीटर का रास्ता निजी भूमि पर बना है, भूमी स्वामी उस रास्ते से आने जाने में आपत्ति ले रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिस पर कलेक्टर श्री निजी भूमि पर बने रास्ते के लिए समिति बनाकर निरीक्षण करें और समस्या का निराकरण करें। शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम पार्वतीपुरा(क्षिप्रा) और शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम कुमारिया का निरीक्षण किया और बीईओ को निर्देश दिये कि स्कूल में ज्यादा स्टॉफ होने एवं विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर एक-एक शिक्षक को अन्य स्कूल में पदस्थ करें। ग्राम कुमारिया में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम कुमारिया में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि एएनएम देवास के रोजाना आती है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। जिस पर कलेक्टर सीएमएचओं को कार्यवाही के निर्देश दिये। गुप्ता ने ग्राम सुनमानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम की झिरी बाई ने बताया कि अंगुठा नहीं लगने से उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। जिसपर कलेक्टर गुप्ता ने खाद्य विभाग को राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बटवारा कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी अभिषेक पटेल को निलम्बित करने के निर्देश दिये। शासकीय हाई स्कूल टिगरिया छोटा का निरीक्षण किया। स्कूल में 64 बच्चे और 08 शिक्षक होने से बीईओ निर्देश दिये कि अनुपात से ज्यादा शिक्षक होने से शिक्षकों अन्य स्कूल में पदस्थ करें। कलेक्टर ने ग्राम टिगरिया





छोटा में हाई स्कूल और प्राथमिक स्कूल की बाथरूम की मरम्मत के निर्देश डीपीसी को दिये। ग्राम टिगरिया छोटा में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम टिगरिया छोटा उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सीएचओ डॉ निखिलेश चौधरी नियमित रूप से नहीं आते है, उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम भी सेवा निवृत्त हो गई है। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने सीएमएचओं को एएनएम की नियुक्ति के निर्देश दिये। ग्राम छापरी में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम टिगरिया गोगा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर स्कूल के मुख्य द्वार से बिजली के तार हटाने के निर्देश विद्युत विभाग और स्कूल का सीमांकन करने के निर्देश एसडीएम को दिये। विद्यालय की बाउंड्री बनाने के निर्देश दिये। ग्राम टिगरिया गोगा में नल जल योजना अधुरी हाने से गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम में वर्तमान में दो मतदान केन्द्र है, ग्रामीणों तीन मतदान केन्द्र बनाने की मांग की।

# ग्वालियर में कुलपति की जान बचाने के प्रयास के लिए कार्यकर्ताओं पर आपराधिक मुकदमा दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीयः अभाविप

**सीहोर।** ग्वालियर में रेलवे स्टेशन पर कुलपति की हृदयाघात से हुई मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है, उनकी जान बचाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्वालियर स्टेशन से हॉस्पिटल तक जाने के लिए बिना अनुमति के न्यायाधीश की कार प्रयोग करने के लिए जीआरपी द्वारा मुकदमा किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कुलपति की जान बचाने के लिए जो भी संभव प्रयास किये जा सकते थे, वह करने का प्रयास किया। ऐसे कर्मनिष्ठ कार्यकर्ताओं पर मुकदमा किया जाना अत्यंत निंदनीय है। अपने कार्यकर्ताओं के साथ न्याय की मांग में विद्यार्थी परिषद नेतृत्व साथ खड़ा है। बीते दिन दक्षिण एक्सप्रेस में हृदयाघात होने पर दिल्ली से झाँसी जा रहे पीके विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रंजीत यादव की हालत अत्यंत गंभीर हो गई थी। उसी ट्रेन में यात्रा कर रहे अभाविप कार्यकर्ता जो दिल्ली में




विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन से लौट रहे थे, सहायता के लिए तुरंत आगे आये और उनको समय रहते अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्वालियर स्टेशन पर समय पर एम्बुलेंस मिलने के कारण कार्यकर्ताओं ने वहीं खड़ी न्यायाधीश की कार के चालक से अनुरोध किया। लेकिन चालक के अनुरोध न मानने पर शिक्षक की जान बचाने हेतु चालक की अनुमति के बिना ही कार्यकर्ताओं को वह कार लेनी पड़ी। हालाँकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रोफेसर यादव की दुःखद मृत्यु हो गई। लेकिन जीआरपी की तरफ से शिक्षक की जान बचाने के लिए बिना अनुमति कार लेने पर लूट के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी, जो की अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि किसी संकट में पड़े हुए व्यक्ति की जीवन रक्षा करना महान पुण्यकर्म है और यह वही कर सकता है जिसमें दृढ़ता एवं संवेदना दोनों हो। यह चरित्र अभाविप के कार्यकर्ताओं की स्वाभाविक प्रकृति है, जिस चरित्र निर्माण के महायज्ञ में अभाविप 75 वर्षों से लगा है। प्रोफेसर यादव की दुखद मृत्यु विचलित करने वाली है। साथ ही अभाविप को अपने ऐसे कार्यकर्ताओं पर गर्व है। समाज के लिए सजगता से खड़े रहने वाले अपने कार्यकर्ताओं के लिए न्याय की मांग में विद्यार्थी परिषद उनके साथ खड़ी है।

# पीपीसीए अकादमी ने विदिशा को 135 रन के विशाल अंतर से हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही मैत्री मैच सीरिज के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच के अंतर्गत पीपीसीए अकादमी सीहोर और विदिशा टीम के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में पीपीसीए अकादमी सीहोर ने विदिशा टीम को 135 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में विदिशा ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया था। पीपीसीए की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 310 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें विस्फोटक बल्लेबाज राज कुशवाहा ने 127 गेंद पर 121 रन की शतकीय पारी खेली। बुधवार की सुबह हुए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी सीहोर ने निर्धारित 50 ओवर में 310 रन बनाए थे। इस मैच में राज कुशवाहा ने 121 रन की आतिशी पारी खेली, वहीं नवनीत सोनी ने 75 गेंद पर 62 रन की अर्दशतकीय पारी, प्रखर सेन ने 25 रन और अभय ने 20 रन बनाए थे। वहीं विदिशा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्चित ने पांच ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट, शंकर-हर्षित ने दो-दो विकेट, विनय-खुशराज ने 1-1 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा टीम मात्र 28.5 ओवर में 175 रन पर ही सिमट गई। इसमें विनय ने 34 रन, हर्षित 25 रन और सौरभ ने 27 रन की पारी खेली। इधर पीपीसीए अकादमी सीहोर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए भविष्य ने चार विकेट, स्पनिल ने तीन विकेट, यामनी ने दो विकेट और शरद ने एक विकेट हासिल किया। पीपीसीए की श्रेष्ठ गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के कारण विदिशा इस मैच में 135 रन के विशाल अंतर से हारी।

**आज खेला जाएगा क्रिसेंट और पीपीसीए के मध्य मुकाबला :** डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सुबह पीपीसीए अकादमी और क्रिसेंट क्रिकेट अकादमी के मध्य मुकाबला खेला जाएगा। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में पीपीसीए की ओर से राज कुशवाहा ने 127 गेंद पर 121 रन और भविष्य की शानदार चार विकेट की गेंदबाजी के कारण पुरस्कार दिया गया।

# 20 किलो पॉलीथिन जब्त कर एक हजार का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद इस पर अमल नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि कई दुकानदार अभी भी अमानक पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को नगर पालिका के अमले ने कार्रवाई करते हुए बाजार की 8 दुकानों को चेक किया। इन सभी के पास पॉलीथिन मिली जिसे जब्त कर लिया गया।

नगर पालिका सीएमओ के निर्देश पर दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। नगर पालिका का अमला सब्जी मंडी, गांधी रोड, मिर्ची बाजार पहुंचा और यहां से कई दुकानों को चेक किया गया। इन दुकानों से 20 किलो पॉलीथिन भी जब्त की गई।इस दौरान स्पाट फाइन किया गया जो एक हजार रुपए का था।

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई :** नगर पालिका इससे पहले भी इस तरह की मुहिम चला चुकी है लेकिन कुछ दिन तक तो इसका असर दिखाई देता है। बाद में फिर से पॉलीथिन का उपयोग होने लगता है। लगातार कार्रवाई नहीं होने से यह स्थिति बनती है।

### तीन दिवसीय जूजुत्सु स्टेट चैंपियनशिप में समर्थ ने हासिल किया रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछले दिनों भोपाल में तीन दिवसीय जूजुत्सु स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में जिले की सीहोर एकेडमी के खिलाड़ी समर्थ बिरला ने रजत पदक हासिल किया। कोच योगेश गुप्ता ने बताया कि ये खेल जिले के बालक-बालिकाओ के लिए नया है, जिस कारण खिलाड़ियों को अभ्यास में बहुत कठिनाई आई है लेकिन प्रथम चरण में ही पदक हासिल करना हमारे जिले एवं एकेडमी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस पर सीहोर एकेडमी के अध्यक्ष सूरजचंद्र विश्वकर्मा, सचिव गिरधर गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त किया।




# छात्रों का समग्र कौशल बढ़ाने के लिए उमंग कार्यक्रम के तहत प्राचार्यों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में छात्रों का समग्र कौशल बढ़ाने उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों के प्राचार्यों प्रशिक्षण को दिया जा रहा है। इसके लिए उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर के स्कूल प्राचार्य को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा यूएनएफपीए द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के किशोर-किशोरियों के सत्र आयोजित किए जाने है। इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसेडर (आरोग्य दूत) द्वारा उपयोग की जाने वाली एवं परिपालन में पूरे जिले के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त प्राचार्य को आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को विशेष सत्रों का आयोजन कर उमंग कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स लक्ष्मी उपाध्याय, नरेंद्र नामदेव, आकृति मिश्रा एवं राजकुमार मांझी, स्टेट मास्टर ट्रेनर्स भानू ठाकुर तथा नीलेश सिंधे ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, डीईओ संजय सिंह तोमर तथा डीपीसी आरआर उईके ने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को इस सत्र के रिजल्ट को सुधारने के लिए पूरे मन और लगन से बच्चों को अध्यापन कराने की अपील की।



प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य स्वस्थ समाज का निर्माण करना सीएमएचओ डॉ. डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं अर्थात किशोरावस्था जीवन का व्यवहारिक ज्ञान व कौशल के साथ आज के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को इंटरनेट और कौशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना (साईबर अपराधों से सुरक्षा) है। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद, जेंडर संवेदीकरण, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, प्रजनन, स्वास्थ्य, हिंसा से बचाव, विषय, शिक्षक, और विद्यार्थी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही शिक्षक व विद्यार्थी इस कार्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे। हमें एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना उमंग प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है।

### गल्ला मंडी स्थित राधेश्याम मंदिर में झलवासिया परिवार करा रहा कथा

# भगवान अपने भक्तों के लिए लेते हैं अवतार:पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय गल्ला मंडी क्षेत्रे में राधेश्याम मंदिर के समीप राठौर झलवासिया परिवार के तत्वाधान में चल रही कथा में आज कथा के तृतीय दिवस में आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री जी ने मनु महाराज की संतानों के चरित्र का वर्णन किया साथ ही सती चरित्र का बखान आज कथा में किया गया। जिसमें बताया कि किस कारण से महारानी सती ने यज्ञ कुंड में अग्नि में बैठकर अपने प्राणों का त्याग कर दिया कथा सुनाते हुए पंडित हर्षित शास्त्री जी ने कहा कि एक समय की बात है। ब्रह्मा जी ने दक्ष को प्रजापति के पद पर विराजमान कर दिया पद प्राप्त करते ही दक्ष को अभिमान आ गया और उसने सभा में आकर सबका अभिवादन किया जब उसने देखा कि सभा में 3 लोग उसके स्वागत में खड़े नहीं हुए। जिसमें भगवान शिव



भी थे तो दक्ष को अहंकार हुआ कि मैं इतने बड़े पद पर हूं और शंकर जी मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए जबकि रिश्ते में यह मेरे दामाद लगते हैं, तब दक्ष प्रजापति ने शंकर जी को श्राप दे दिया कि आज से यज्ञ में तुम्हें कोई भी भाग नहीं मिलेगा। जिस पर नंद जी महाराज क्रोधित हो गए और दक्ष प्रजापति को श्राप दिया कि तुम्हारे मस्तक पर बकरे का सर लग जाए और सभी देवता चले गए इधर एक दिन दक्ष प्रजापति ने हरिद्वार कनखल में यज्ञ का आयोजन किया उस यज्ञ में सभी देवताओं को स्थान दिया गया परंतु भगवान शिव को कोई स्थान नहीं दिया गया इधर माता सती ने पिताजी के घर जाने का भाव जागृत किया और भगवान शिव ने उन्हें बहुत रोकने का प्रयास किया। परंतु वह नहीं मानी जब वह यज्ञ में गई तो उन्होंने कहीं पर भी जब भगवान शिव का स्थान नहीं दिखाई दिया तो उन्होंने दक्ष को ललकार ते हुए दक्ष के यज्ञ में ही अपने प्राणों को त्याग दिया। तब भगवान शिव को क्रोध आया और उन्होंने अपने शिखा के बाल को उखाडक़र के पृथ्वी पर फेंका जिससे वीरभद्र प्रकट हुआ वीरभद्र ने जाकर यज्ञ को विध्वंस कर दिया और दक्ष प्रजापति के सर को काटकर यज्ञ कुंड में डाल दिया। बाद में समस्त देवताओं ने भगवान शिव से प्रार्थना करें तब भगवान शिव ने जाकर वीरभद्र को शांत किया इसके पश्चात ध्रुव की कथा कही गई। जिसमें बताया गया कि प्रत्येक जीव संसार में उत्तानपाद की तरह ही है। जिसकी दो पत्नी है बुद्धिमानी और मनमानी मनुष्य बुद्धिमानी के ऊपर मनमानी को चुनता है और चक्कर में पड़ जाता है जब सुरीची जी के कहने पर सुनीति को उत्तानपाद ने महल से निकाल दिया और उत्तानपाद के सुपुत्र ध्रुव को जब पता चला कि उसके पिता महाराज उत्तानपाद हैं तो पिता की गोद में जाकर बैठ गया तब सूरीची ने ध्रुव जी को और भगवान की तपस्या करने का कहा तपस्या करो और भगवान मिले तो भगवान से प्रार्थना करना कि तुम्हारा अगला जन्म सुरुचि के गर्भ से हो जिससे तुम्हें राज सिंहासन मिले तब ध्रुव जी ने 6 महीने वन में नारद जी को गुरु बना कर तपस्या करें और छठवां महीने में पूरे ब्रह्मांड की श्वास वायु को अवरुद्ध कर दिया तब समस्त ब्रह्मांड में हाहाकार हो गया भगवान नारायण ने फिर जाकर ध्रुव को दर्शन दिए और गुरप पर कृपा करें 36000 वर्ष तक पृथ्वी पर राज करें और मेरे धाम को प्राप्त होंगे।

# एड्स पखवाड़ा के तहत श्रमिकों के बीच लगाया जागरूकता शिविर

**सीहोर।** एड्स पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत सीहोर चावडी में श्रमिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में उपस्थित श्रमिकों को एड्स से बचाव पर जागरूक किया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ.जेडी कोरी ने बताया कि कांउसलर पुष्पा साहू तथा कामीनी गौर के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

जिसमें बताया गया कि एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ कर रखा है। देश में 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभावित हैं। यह आंकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर आता है। एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है।उन्होंने बताया कि एड्स की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत ही की जा सकती है।



### 14 खंड केंद्रों और आठ नगरीय केंद्रों पर पहुंचाए गए अक्षत कलश

# अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजा कर कार्यकर्ताओं को किए वितरित



**15 जनवरी तक जिले के प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे आमंत्रण पत्र**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जिला केन्द्र पर आए अक्षत कलश का वितरण खंड केन्द्र के बाद वैष्णोंदेवी धाम मंदिर से ग्रामीण व नगरीय केन्द्रों से आए कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए। शहर के अंजनीलाल धाम मंदिर पर पूजन कार्यक्रम के बाद 14 खंड केन्द्रों पर अक्षत कलश पहुंचाए गए थे। सोमवार को नगर के वैष्णोंदेवी धाम मंदिर पर स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक, माता-बहनों की उपस्थिति में 14 अक्षत कलश ग्राम व 8 अक्षत कलश नगरीय केन्द्रों के लिए कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए।

#### कारसेवकों को किया जाएगा सम्मानित, घर-घर पहुंचेंगे आमंत्रण

1 से 15 जनवरी के बीच जिले के प्रत्येक हिन्दू परिवार के घर-घर तक आरएसएस, विहिप, हिन्दू संगठन सहित नगर, मौहल्ला और गांव के लोग पहुंचेंगे और अक्षत, श्रीराम भगवान का चित्र, पत्रक व स्टीकर भेंट कर श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे। कार्यक्रम में 1990-1992 के कारसेवकों को भगवावस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि 1 से 15 जनवरी तक हर हिन्दू के घर तक अक्षत पहुंचेंगे, श्रीरामलाल प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें हर वर्ग सम्मिलित रहेगा। इस अवसर पर पं.रमेश शर्मा, पं.द्वारिकाप्रसाद, अजय तिवारी, विभाग सेवा प्रमुख डॉ.अशोक अग्रवाल, विहिप जिलाअध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मंत्री हर्ष तोमर, जिला सेवा प्रमुख बद्रीप्रसाद मीना, प्रखंड अध्यक्ष देवराज दांगी, शैलेन्द्रसिंह, जगदीश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### सुठालिया खंड के 12 मंडलों में पहुंचे अक्षत कलश

सोमवार को श्री राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या धाम से आए अक्षत कलशो का महावीर आश्रम बड़ा बाग में पूजन कर किया मंडल केंद्र में वितरण सुठालिया खंड के 12 मंडलों में पहुंचे अक्षत कलश कार्यक्रम में विभाग के प्रमुख, संजय सक्सेना जिले के प्रमुख अशोक गुप्ता खंड तहसील प्रमुख अतुल विश्वकर्मामहेश गुर्जर नगर प्रमुख गौतम शर्मा भगत राठौर गोपाल सक्सेना, अरुण शर्मा धर्मेंद्र मीणा दिलीप मालवीयआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### सरड़ा जोड़ पर मंगलवार को हुआ हादसा

## कामखेड़ा दर्शन करने जा रहीं मां-बेटी की हादसे में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजस्थान के भालता थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे सरड़ा जोड़ पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में हराना ग्राम निवासी मां-बेटी की दुःखद मौत हो गई। हादसे में दामाद दिनेष नागर निवासी ग्राम चिड़लावनिया गंभीर रूप से घायल हो गए। ये तीनों बाईक से कामखेड़ा बालाजी दर्षन के लिए जा रहे थे और इस दौरान यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार हराना ग्राम निवासी शीलाबाई पत्नी जयनारायण नागर उम्र 40 साल, इनकी बेटी राधा पत्नी संदीप नागर उम्र 20 साल और परिवार के दामाद दिनेष नागर ये तीनों राजस्थान दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान सरड़ा जोड़ पर इनकी बाईक में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों मां बेटी नीचे गिर गईं और इनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, बाईक चला रहे दिनेष नागर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों एवं पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाते हुए मृतक मां-बेटी के शवों को पीएम के लिए इकलेरा भिजवाया।

### जगह-जगह पोस्टर लगाकर दे रहे हैं प्रत्याशी को बधाईयां

**ब्यावरा।** जिले में भाजपा में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में छुप-छुप कर काम करने वाले भी अब सम्मान करते देखे जा रहे हैं। खासकर राजगढ विधानसभा में यह चेहरे आम भाजपा कार्यकर्ता के गले नहीं उतर रहे है। कई पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि जा अब सम्मान में बड़े बडे पोस्टर लगवा कर बधाईयां दे रहे है। उनके कई सबूत कई पार्टी कार्यकर्ताओं के पास है जो बताते है कि उन्होने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम किया था परंतु पार्टी की बडी जीत होने के कारण मन मारके ही सही सम्मान तो करना ही पड़ रहा है।

### ग्रामीण डाक सेवकों की राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, क्षेत्र के 12 से अधिक डाकघर रहेंगे बंद

## ग्रामीण डाकघरों में ताले लगे होने से ग्रामीणों को होगी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

ग्रामीण अंचलों में डाकघर की सेवाएं प्रदान करने वाले ग्रामीण डाक सेवक अपने लंबे समय से चलती आ रही विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे गए हैं। यह हड़ताल पूरे देशभर में एक साथ की जा रही हे। जिसमें ग्रामीण डाकघर की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। सारंगपुर क्षैत्र के अंतर्गत लगभग 12 से अधिक ग्रामीण शाखा डाकघर है। शाखा डाक सेवक कमल कारपेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ग्रामीण डाक सेवको को हमेशा से छलती आई है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमे सिर्फ चार से पांच घंटे का वेतन दिया जाता है। जबकि 8 घंटे से अधिक कार्य लिया जाता है। केंद्र सरकार ने जब 2018 में नया वेतन निर्धारण किया गया तब हमारे पुराने कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ भी नही दिया गया है। जिसके कारण आर्थिक नुकसान हुआ है।

#### समान कार्य समान वेतन करें लागू

समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 4-5 घंटे का भुगतान किया जाये। सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित करना, शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघरों को लेपटाप, प्रिंटर और ब्राडबैंड नेटवर्क प्रदान करना इत्यादि मांगों को लेकर 12 दिसंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का फैसला लिया गया है। ग्रामीण डाक सेवक पोस्ट ऑफिस के वे कर्मचारी होते हैं जो गांव - गांव में घर-घर तक पोस्ट ऑफिस की सभी सेवाएं पहुंचाते हैं जीडीएस को केवल 4 घंटे के वेतन पर 8 से 10 घंटे का काम लिया जाता है जिसमें आईपीपीबी , आरबीआई आरपीएएल आई, एक्सीडेंटल इंश्योरेंस, सीएससी ,आधार अपडेट स्टेशन का कार्य, गंगाजल बिक्री, एईपीएस आदि कार्य इंसेंटिव के बेस पर करवाया जाता है इन सभी कार्य को कार्यभार में शामिल नहीं किया जाता है। और टारगेट के नाम पर मानसिक दबाव बनाया जाता है इन सभी मुद्दों को लेकर 12 दिसंबर से संपूर्ण भारत के ग्रामीण डाक सेवकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है । प्रमुख मांगे हैं हमे हमारे कार्यकाल को बढ़ाकर 8 घंटा किया जाए और जो भी काम हमें इंसेंटिव के बेस पर कराया जा रहा है उसे कार्यभार में शामिल किया जाए और कमलेश चंद्र समिति की जो भी सिफारिशे है उनको लागू किया जाए डाक सेवक मनोहरलाल सोनी कमल किशोर कारपेन्टर मांगीलाल सोलंकी, विजय वर्मा, विजय सोनी नीरज भिलाला किरण प्रियांशी यादव पुजा वर्मा सहित अन्य डाक सेवक अनिश्चितकाल हड़ताल पर गये हे।

## काव्य-निशा का किया गया आयोजन



**सारंगपुर** । रविवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय चेतना के कवि स्व श्री बालकृष्ण शर्मा नवीन की जन्म जयंती के स्मृति- प्रसंग में एक काव्य-निशा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से अतिथि गण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुशील व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई। तदोपरान्त काव्य-पाठ के क्रम में स्वदीप सोलंकी ने गजल व वरिष्ठ कवि जयहिंद प्रकाश दुबे मुरलीधर सोनी पथिक,सुशील व्यास, बृजमोहन नारोलिया आदि ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। स्व0 बालकृष्ण शर्मा नवीन के व्यक्तित्व व कर्तृत्व पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य जितेंद्र पाठक ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त सरस्वती साधकों की उपस्थिति में वयोवृद्ध समर्थ कवि मुरलीधर जी सोनी पथिक ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी कवि सुशील व्यास को सारंग कवि नाम से अलंकृत किया तथा उपस्थित कवियों ने करतल ध्वनि से इसका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सुशील व्यास द्वारा रचित श्री राम जन्म-भूमि प्राण प्रतिष्ठा का गीत बुला रही है धरा अवध कीव पुण्य-सलिला कालीसिंध के धार्मिक महत्व को निरूपित करने वाले दो नव सृजित गीतों का मंचस्थ कवि सत्यनारायण शर्मा व शांतिलाल जैन द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि काका सत्यनारायण शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि शांतिलाल जैन द्वारा भी प्रतिनिधि रचनाएं प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजमोहन नारोलिया ने किया। साहित्य परिषद की ओर से स्वदिप सोलंकी ने सभी का आभार माना।

### एक जमीन पर हो गए 3 तरह के आदेश

## भूलेख पोर्टल पर दर्ज है सच्चाई फिर भी नहीं हो रही है कार्रवाई

**सारंगपुर।** नगर में एबी रोड के समीप ब्लॉक कॉलोनी के नाम से भूमि जिस पर सरकारी क्वार्टर निर्मित है और कुछ जगह खुली भूमि है उस भूमि पर भू माफिया की नजर है। वह जमीन लगभग कब्जे में होती जा रही है और जिम्मेदार प्रशासन मौन है । लाखों करोड़ों रुपए की बेस कीमती जमीन पर भू माफिया की ऐसी नजर गई कि उन्होंने उस जमीन के सीमा चिन्ह को ही तोड़फोड़ कर कब्जा जमा लिया।

बॉक्सः- जमीन एक आदेश तीन

एबी रोड के किनारे ब्लॉक कॉलोनी के नाम से आवंटित भूमि जिस पर पूर्व में कलम नंबर 12 में कलेक्टर राजगढ़ के पत्र क्रमांक से नगर पालिका शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए भूमि दर्ज थी। उक्त आसय को लेकर उस जमीन का नगर पालिका द्वारा विधिवत सीमांकन कराकर भारत माता शॉपिंग कंपलेक्स प्रस्तावित किया। इसके बाद इस भूमि में से तत्कालीन तहसीलदार ने एक जमीन मालिक को अनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए एक अवैध रास्ते का आदेश पारित कर दिया। इस सर्वे नंबर की वहीं जमीन जिस पर रास्ते का आदेश भारत माता शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण हुआ है। वहीं जमीन वर्तमान में उच्च न्यायालय हाई कोर्ट में विचाराधीन होकर न्यायालय के निर्णय अनुसार कलेक्टर राजगढ़ द्वारा राजस्व विभाग को सौंप दी गई है। जो की भू अभिलेख साइट पर देखी जा सकती है।

#### कार्रवाई करेंगे

ब्लॉक कॉलोनी एसडीओपी निवास के पास की भूमि को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी शिकायत जांच में है इसी के चलते मैंने स्थल निरीक्षण किया है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**संजय उपाध्याय,** एसडीएम सारंगपुर

### जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्यमंत्री बनने पर मनाया जश्न

**राजगढ़।** भाजपा आलाकमान द्वारा राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रहे डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद स्थानीय भाजपाईयों ने जष्न मनाया। पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय पर सभी ने खुशी जाहिर की एवं पटाखे फोड़ते हुए एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाईं। स्थानीय खिलचीपुर नाके पर सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए एवं जय भाजपा, विजय भाजपा के नारे लगाए। इसके उपरान्त सभी ने आतिषबाजी करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. यादव के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशियां जाहिर कीं। भाजपाईयों के अनुसार डॉ. मोहन यादव संपूर्ण जिले की प्रषासनिक व अन्य गतिविधियों, निर्माणाधीन परियोजनाओं आदि से पूरी तरह वाकिफ हैं। ऐसे में उनके मुख्ममंत्री बनने पर जिले को अपेक्षा से भी अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है।



### फल फ्रूट गोदाम में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ खाक



**सारंगपुर।** नवीन बसस्टैंड पर मंगलवार को अज्ञात कारणोंके चलते अनीस पिता बाबू खा निवासी पटेलवाड़ी के फल फ्रूट के गोदाम में आग लग गई पुलिस ने मोके पर पहुँच कर फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया अचानक लगी आग मे एक मोटर साईकिल,फल फ्रूट का हाथ ठेला सहित प्लास्टिक की कैरेट सहित हजारों रूपये का अन्य समान जलकर खाक हो गया पुलिस ने तत्परता से मोके पर पहुँच कर आग पर काबू पा लिया आग फेलकर आसपास की दुकानो को अपनी चपेट में ले लेती तो आगजनी का बडा हादसा हो सकता था जिसमे लाखो रूपये का नुकसान हो सकता था।

## जनसुनवाई में आए विभिन्न समस्याओं के 73 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

निवार्चन उपरान्त अब हर मंगलवार होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई एक बार फिर से आरंभ हो चुकी है। कलेक्टोरेट सभागार में कल हुई जन सुनवाई के दौरान शहर सहित जिले के दूर-दराज अंचलों से 73 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं के आवेदन संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी को प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से चर्चा की, उनकी समस्याएं जानी एवं संबंधित विभाग को समस्या के निराकरण के निर्देष प्रदान किए। इस मौके पर सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं उनकी प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मृतक शिक्षक के परिजन को सहयोग राशि की भेंट

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ राजगढ़ ब्लॉक खिलचीपुर एवं समस्त अध्यापकों की ओर से स्वर्गीय दिनेश मालवीय प्राथमिक शिक्षक जो कि प्राथमिक विद्यालय किशनपुरिया ब्लॉक खिलचीपुर में पदस्थ थे। उनका सड़क दुर्घटना में दुःखद प्राणांत हो गया था । उनके दुःखद निधन से शिक्षकों ने शोक व्यक्त करतें हुए समस्त शिक्षक साथियों द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में एकत्र की गई राशि एक लाख सात हजार एक रूप्ए उनके परिवार जनों जीरापुर में सहयोग रूप में प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा , सुरेश दांगी, कैलाश दांगी ब्लॉक अध्यक्ष खिलचीपुर रामकरण मालवीय ,दीपक सेन,तूफान सिंह तोमर, रमेश चंद्र कारपेंटर, मनोहर मालवीय,कनीराम मालवीय एवं अन्य शिक्षक सहित परिवारजन उपस्थित रहे।



### 24 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया

## सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के अध्यक्ष राजीव कर्मह के निर्देशानुसार संपन्न आयोजन में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किए गए। पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार गोयल की सहमति से कुल 24 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया, जिनमें चार प्रकरण धारा 138 पर कार्म्य लिखित अधिनियम एवं 20 प्रकरण भारतीय दंड संहिता से संबंधित होकर शमनीय प्रकृति के थे उक्त प्रकरणों में 78 व्यक्ति लाभांवित हुए शमनीय प्रकृति के दांडिक प्रकरण में फरियादी जो की आशा वर्कर के रूप में कार्यरत थे तथा अभियुक्तगण प्रेमसिंह एवं संतोष भाई के मध्य वर्ष 2020 से प्रकरण लंबित था जिसमें लंबे समय के पक्ष न्यायालय की समझाइश से उभय पक्ष के मध्य स्वेच्छा पूर्वक राजीनामा होकर प्रकरण निराकृत किया गया । धारा 138 में जो कि कुल 248000 के चेक संबंधी केस था में न्यायालय की समझाइए तथा उभय पक्ष के अधिवक्ता मनोज उपाध्याय एवं बीएस पवांर द्वारा समझाइए दिए जाने के पश्चात फरियादी अभियुक्त के मध्य पूर्ण संतुष्टि से राजीनामा हुआ। लोक अदालत हेतु खंडपीठ क्रमांक 24 एवं 25 का गठन किया जाकर अधिवक्ता गण अमित पंचोली, राकेश जाटव को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नियुक्त किया।



#### जीरापुर व माचलपुर के 13 प्रकरण रखे गए

जल तथा राजस्व प्रकरण में 27 प्रकरणों का निराकरण होकर उन्हें 127189 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। पीठासीन अधिकारी सुश्री दिव्या मित्तल के न्यायालय में उपयपक्ष की सहमति से कुल 21 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया जिनमें 12 पारिवारिक प्रकरणों में तथा तीन शमनीय प्रकृति के दांडिक प्रकरणों का निराकरण हुआ।

#### प्रकरणों का हुआ निराकरण

नगर परिषद द्वारा लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न करदाताओं से बकाया राशि 57800 रुपए की वसूली की गई, जहां पर नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी ,राजस्व प्रभारी रमेश मालवीय, राकेश मंडलोई, जसवंत चैहान, जितेन्द्र तिवारी ,कमल मंडलोई ,कृष्णा मुंदड़ा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## वाणिज्य विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

**सीहोर।** बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वाणिज्य विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के अंतर्गत लगभग 80 छात्राओं के दल को भोपाल के बैरागढ़ स्थित संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग का इस संस्था के साथ एमओयू है जिसके अंतर्गत इस प्रकार की शैक्षणिक एवं शिक्षणैत्तर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। छात्राओं को संबंधित संस्थान में ले जाकर वाणिज्य एवं प्रबंध के विभिन्न उपयोग, विशेषताओं एवं छात्राओं के लिए आउट ऑफ़ क्लास रूम एक्टिविटीज़ के द्वारा नेतृत्व क्षमता, संप्रेषण कौशल, टीम मैनेजमेंट, रणनीति का विकास आदि से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से इनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई, जिसके द्वारा छात्राओं को स्वयं की प्रबंधकीय क्षमताओं के विकास के बारे में सहायता प्राप्त होगी। साथ ही विषय विशेषज्ञों के द्वारा इंटरेक्शन सेशंस आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं को उच्च शिक्षा के संबंध में उनके स्नातक के पश्चात उपलब्ध विभिन्न विकल्पों एवं संबंधित अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### दो सगे भाइयों ने एक माह में तैयार की है प्रतिमा, लिम्का बुक में यह उपलब्धि दर्ज कराने की तैयारी


# 60 लाख की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी की 54 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर तैयार, आवास कॉलोनी में होगी स्थापित

25 दिसंबर को भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हो सकता है प्रतिमा का लोकार्पण।

कमल पांचाल ⏭ आष्टा



**आष्टा।** 3डी मॉडल बनाकर अटल जी की प्रतिमाओं के अलग-अलग सैंपल तैयार कर बनाई गई प्रतिमा।



**आष्टा।** इस तरह बनकर तैयार है पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा।



राकेश कुशवाह



रवि कुशवाह

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा सीहोर जिले के आष्टा में बनकर तैयार हो चुकी है। यह प्रतिमा 54 फीट ऊंची है। यह देश में उन की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जिसका अनावरण आष्टा नगर पालिका की प्रधानमंत्री आवास कालोनी में होगा। यह प्रतिमा दो से ढाई टन वजनी है और प्रतीमा को काफी मजबूती दी गई है। कलाकारों की ढाई से तीन महिनों की कड़ी मेहनत के बाद इसे तैयार किया गया है और संभावना है की 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व्रगीय अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर इस प्रतिमा को पुराना इंदौर भोपाल स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में स्थापित कर लोकार्पण किया जाएगा।

### फिलहाल अभी कार्यक्रम तय नहीं है

54 फिट ऊंचाई की है प्रतिमा,प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में होगी स्थापित। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा इससे पहले मध्य प्रदेश के सागर जिले में थे। जिसकी ऊंचाई कुल 51 फिट की थी और जिसकी लागत लगभग 66 लाख रुपए थे। लेकिन अब भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने का रिकॉड आष्टा नगरपालिका बनाने वाली है। आष्टा नगर पालिका की अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया की देश की सबसे ऊचाई वाली प्रतिमा आष्टा नगर पालिका स्थापित करने वाली है और यह प्रतिमा पुराना इंदौर_भोपाल मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास कालोनी में स्थापित होगी। प्रतिमा की ऊचाई 42 फिट है वही इसके प्लेटफार्म की ऊचाई 12 है जिसकी कुल ऊंचाई 54 फिट रहेगी और इसकी कुल अनुमानित लागत 60 लाख रूपए लगभग खर्च आएगा। वही आगामी 25 दिसम्बर को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर प्रदेश के मुख्यमंत्री या केबिनेट मंत्री की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण होने की संभावना है। लेकिन अभी तक कोई कार्यक्रम तय नहीं हुआ है।

### दो भाइयों ने तैयार की प्रतिमा, हूबहू चेहरा बनाने में लगा एक माह

आपको बता दें की शहर के दो कलाकार भाइयों राकेश कुशवाह और रवि कुशवाह की दिन रात की कड़ी मेहनत से यह प्रतीमा बनकर तैयार हुई है। प्रतिमा बनाने वाले राकेश कुशवाहा बताते हैं कि हम कई साल से प्रतिमा बनाने का काम करते आ रहे हैं।

इस बार हमे देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा बनाने का अवसर मिला। जिसको लेकर हमने और हमारे कलाकारों ने दो से ढाई माह की कड़ी मेहनत से बनाकर तैयार किया है। प्रतिमा को डिजाइन करने वाले रवि कुशवाह बताते है की प्रतिमा बनाना तो इतना मुश्किल नहीं था। लेकिन हुबहू अटल बिहारी वाजपेयी का चेहरा बनाना हमारे बड़ी चुनौती था। हमने प्रतिमा बनाने से पहले अटल जी का एक स्केच तैयार कर फिर 3D मॉडल बनाकर अटल जी का एक छोटा सा सैंपल तैयार किया। ताकि इतनी बड़ी प्रतिमा बनाने में आसानी हो सके। वही हूबहु चेहरा बनाने के दौरान एक माह का समय लगा और दो से तीन बार की कड़ी मेहनत से चेहरे को हुबूह आकार दिया गया।

### लिम्का बुक में दर्ज करने की योजना

नपा सीएमओ राजेश सक्सेना बताया की यह प्रतिमा देश की सबसे बड़ी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा होगी और बंगाल से आए 15 से 20 कलाकारों की ढाई से तीन महिनों की मेहनत से प्रतिमा को बनाकर तैयार किया गया। जिसमे फायबार और ग्लास का उपयोग किया गया। साथ ही प्रयास होगा कि देश की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित हो रही है तो लिम्का बुक में भी यह उपलब्धि दर्ज हो।

## चाचाखेड़ी में फसलों पर इल्ली का प्रकोप किसान कर रहे कीटनाशक का स्प्रे



**आष्टा।** मौसम के कारण कहीं पर फसलों को फायदा हुआ है,तो कहीं पर नुकसान।

अनेक ग्रामों में गेहूं, चने की फसल पर इल्ली का प्रकोप हो गया है, जिसके कारण किसान कीटनाशक दवा का छिड़काव कर अपनी फसल को बचाने में जुटे हुए हैं। समीपस्थ ग्राम चाचाखेड़ी में फसलों पर इल्ली लगने पर किसानों द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

अनेक किसानों के खेतों में अब इल्ली खत्म होने लग गई है।लेकिन अनेक किसानों के खेतों में इल्ली का प्रकोप है। इल्लियों से फसल बचाने के लिए ही दवाई का छिडकाव कर रहें हैं।

## झगड़ालू स्वभाव छोड़कर वाणी में निर्मलता रखें : अभय मुनि

**आष्टा।** कोई गाली देता है और आप समता भाव रखते हैं तो छ माह की तपस्या के बराबर पुण्य मिलता है। झगड़ालू स्वभाव को शांत करना होगा। शब्दों से स्वागत करों, वाणी में निर्मलता रखें।मन में अशुभ भाव नहीं लाए, क्षमा भाव रखें। कोई भले आपको मारना चाहे तो भी क्षमा भाव रखें। सहनशीलता रखें। अशुभ भाव आने पर णमो सिद्धाणम जपे।

उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं।अभय मुनिश्री ने कहा कि कषाय को पतला करें,सव्वे पाप पणासनो। कषाय को घटाएं बिना पापों का नाश नहीं होता है।ईगो का दान करें। वर्तमान में दुःख और अशांति बढ़ रही है। ईर्ष्यालु , झगड़ालू, शंकालु और तृष्णालु । इसका इलाज कहीं नहीं है। लोभी व्यक्ति सदा दुखी रहता है। ईर्ष्यालु है तो झगड़ालू बन जाएगा। किसी के प्रति अशुभ भाव नहीं, लेकिन आपके मन में मेरे कारण अशुभ भाव आए क्षमा चाहता हूं। अपमान कर्म के कारण होता है। गिरीश मुनि जी ने कहा बिना संयम के मनुष्य भव जा रहा है,भाव रखें और श्रद्धा मजबूत करें कि पुनः मनुष्य भव मिले तो 8 वर्ष की आयु से संयम ग्रहण करु।मनुष्य भव क्या है ,मनुष्य भव बहुत ही दुर्लभ है, क्या इसकी कीमत अभी समझी जा रही है या नहीं। आज तक जीव अनंत बार जी लिया अनंत बार मर गया पर अभी तक मन नहीं भरा। मनुष्य भव ही एक ऐसा भव है जहां मोक्ष पाने की आराधना की जा सकती है। मनुष्य जन्म लेने के बाद स्वयं की बुद्धि का विकास कैसा है, यह स्वयं को विचार करना है ।जिसका समय धर्म में बीता वह सफल हो रहा है ।हम मनुष्य गति में आकर क्या कर रहे हैं।मोक्ष में जाने का शॉर्टकट संयम मार्ग है। संयम मार्ग पर चले बिना मंजिल नहीं मिल सकती ।

## साढ़े पांच हजार उपभोक्ताओं पर साढ़े तीन करोड़ का बिल बकाया

**आष्टा।** शासन द्वारा बिजली के बिल माफ करने की घोषणा के बाद से घरेलू विद्युत के अधिकांश उपभोक्ता अपना मासिक बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।दूसरी तरफ इस माह बकाया वसूली का लक्ष्य ढाई करोड रुपए दिया गया है और अभी तक मात्र 22 लाख रुपए जमा हुआ है। शासन की घोषणा के अनुसार अगस्त माह तक के बिजली के बकाया बिल स्थगित कर दिए गए थे जिसके कारण आष्टा नगर में

3 करोड़ 62 लाख के बिजली बिल स्थगित किए। अब तो उपभोक्ता बिल जमा भी नहीं कर रहे, वसूली के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। नित्य ही 15 से 20 विद्युत कनेक्शन बकायदारों के विच्छेद किए जा रहे हैं।

चुनाव से पहले एक किलो वॉट की क्षमता वाले घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की 3 करोड़ 62 लाख रुपए की बिल राशि स्थगित की गई थी। इसके साथ ही आगामी माह की बिल राशि भी कई उपभोक्ताओं पर बकाया हो गई है। यह उपभोक्ता आगामी बिलों की राशि भी भरने में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे बिजली कंपनी के अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हालांकि चुनाव खत्म होने के बाद अब बिजली कंपनी ने बकाया बिल की राशि की वसूली के लिए न-केवल अधिकारी-कर्मचारियों के टारगेट तय कर दिए हैं, बल्कि सख्ती के साथ उसकी वसूली के लिए भी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।बिजली कंपनी के नए आदेश के मुताबिक अब कोई बिजली चोरी




करते पकड़ा जाता है, तो उसका बिजली चोरी का प्रकरण बनाने के साथ ही उसके खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। आष्टा में हजारों बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से 45 फीसदी उपभोक्ता ही बिल की राशि नियमित रूप से भर रहे हैं, लेकिन 55 फीसदी उपभोक्ताओं द्वारा बिल की राशि भरने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। यही कारण है कि ऐसे उपभोक्ताओं पर आगामी महीनों की करीब 70 करोड़ से अधिक की राशि बकाया हो गई है। इस राशि की वसूली के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी घर-घर पहुंच रहे हैं। 12 दिनों में यह कर्मचारी सिर्फ 22 लाख की राशि ही मुश्किल से वसूल पाए हैं, जबकि 2 करोड़ 50 लाख से अधिक की राशि बिजली उपभोक्ताओं पर बकाया वसूलने का लक्ष्य दिया है।

अब तक बिजली चोरी के मामले में बिजली कंपनी के अधिकारी स्वयं बिजली चोरी का प्रकरण बनाकर जुर्माना तय कर देते थे, लेकिन अब इस मामले में बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के थाना में भी उक्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कंपनी द्वारा इस संबंध में एक नया आदेश जारी किया है। जिसके परिपालन में आने वाले समय में बिजली कंपनी के कर्मचारी चोरी का प्रकरण बनाने के बाद उसका प्रतिवेदन बनाकर थानों में भी भेजेंगे।

### बिजली कंपनी की सख्ती

अजय कुमार वाधवानी उपमहाप्रबंधक कार्यालय द्वारा आष्टा टाउन कार्यालय को पुनः निर्देशित किया है कि नवंबर माह वसूली में जो टारगेट मिला है उसे पूर्ण करना है।बिजली कंपनी भी अपने बकाया उपभोक्ताओं पर सख्ती से वसूली कर रही है। इसमें आष्टा शहर को वरिष्ठ कार्यालय से नवंबर माह 2023 में राजस्व वसूली का टारगेट 2 करोड़ 50 लाख रुपए का प्राप्त हुआ है ,जबकि अभी तक 22 लाख रुपए की वसूली हुई है। कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि उप महा प्रबंधक अजय कुमार वाधवानी के निर्देश में लगातार डिसकनेक्शन की टीम द्वारा डिस्कनेक्ट कर रहे हैं जिसमें विजिलेंस राशि,ऑडिट राशि एवं मूल बकायादार उपभोक्ताओं की कनेक्शन लाइन विच्छेद की जा रही है एवं ऐसे बकायदार जिन्होंने बिजली बिल जमा नहीं किए हैं उन उपभोक्ताओं विद्युत कनेक्शनों को भी विच्छेद किये जा रहे है। कंपनी द्वारा प्रत्येक दिन 15- 20 कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने की कार्यवाही की जा रही है ।अतः उपभोक्ता से निवेदन है कि अपने लाइन को विच्छेद होने से बचे एवं लाइन विच्छेद होने पर कार्यालय द्वारा अतिरिक्त लगाई जाने वाली 340 की पेनल्टी से बचने के लिए तुरंत अपना बिजली का बिल जमा करें।

## 16 दिसंबर से शुरू होगा मलमास, नए वर्ष में 16 जनवरी से बजेंगी शहनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिंदू धर्म में किसी भी मांगलिक कार्यों को करने के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा जाता है। जिससे कि भविष्य में शुभ फलों की प्राप्ति हो। हाल में ही देवउठनी एकादशी के साथ 4 मास का चातुर्मास समाप्त हुआ है। इसके साथ ही शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू हुए हैं । लेकिन दिसंबर माह के बीच में एक बार फिर से इन पर ब्रेक लग जाएगी। जो नए साल 2024 में 15 जनवरी से शुरू होंगे। इन पूरे एक माह की अवधि को खरमास या मलमासनाम से जानते हैं। पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है, जो नए साल में 15 जनवरी 2024 को मकर संक्राति के दिन समाप्त हो जाएगा और 16 जनवरी से शहनाईयां गूंजने लगेगी। ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक के अनुसार सूर्य देव के एक राशि से दूसरे राशि में स्थान बदलने की प्रक्रिया को संक्रांति कहते हैं। 16 दिसंबर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे खरमास लगा रहा है। नए साल 2024 में सूर्य देव 15 जनवरी को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तो मकर संक्रांति पड़ेगी।

### मलमास में मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है :

पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खरमास को शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए इस माह के दौरान कोई भी शुभ, मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान हिंदू धर्म में बताए गए संस्कार, जैसे मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह आदि कोई भी कार्य नहीं किए जाते हैं।

### जनवरी के लिए मैरिज गार्डन, धर्मशाला, होटल बुक

जनवरी 2024 माह में मकर संक्रांति के बाद शादियों का एक बार फिर से सीजन शुरू हो जाएगा। वहीं लोगों को बैंड-बाजों के साथ शहनाईयों की गूंज सुनाई देगी। जिन परिवारों में शादियां हैं, उन्होंने अभी से ही खरीदारी शुरू कर दी है। मैरिज गार्डन संचालक प्रेम कुमार राय मामा,अमित मूंदड़ा ,गणेश नामदेव बताते हैं कि जनवरी माह में होने वाली शादियों के चलते शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं, होटल बुक हो चुके हैं।

### आराधना कर पुलक सागर महाराज के दीर्घायु होने की कामना की

# आचार्य पुलक सागर महाराज का 29 वां दीक्षा दिवस उत्साह पूर्वक पुलक महिला जागृति मंच मेन ने मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





जिनशरणम तीर्थ प्रणेता शांतिदूत की उपाधि से विभूषित पुलक महिला जागृति मंच के आशीर्वाददाता आचार्य भगवंत श्री पुलक सागर महाराज के 29 वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं आराधना पुलक एवं महिला जागृति मंच मेन शाखा द्वारा भक्ति भाव के साथ की गई। पुलक मंच के नरेंद्र गंगवाल, मनीष जैन साक्षी, दीपक जैन कंचन ने की।

वहीं महिला जागृति मंच मेन शाखा अध्यक्ष श्रद्धा गंगवाल आदि ने आराधना कर आचार्य पुलक सागर महाराज के दीर्घायु होने की कामना की।

**नेमिनाथ भगवान के दरबार में भी हुई शांति धारा :** महिला जागृति मंच की प्रीति जैन ने बताया कि आचार्य गुरुवर 108 श्री पुलक सागर जी महाराज के 29 वें दीक्षा दिवस के अवसर पर नेमिनगर स्थित श्री नेमिनाथ जिनालय में पुलक मंच मेन एवं महिला जागृति मंच मेन द्वारा प्रथम शांति धारा बोली के माध्यम से प्राप्त कर श्रीजी की शांति धारा अभिषेक जितेंद्र जैन जेके, भूपेंद्र जैन एवं सुनील जैन ने कर गुरुवर के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की ।

## अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम संपन्न

**खाचरोद।** खचरोद मंगलवार को ग्राम खाचरोद में अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमे 22 जनवरी को रामलला अयोध्या स्थित अपने नुतन भव्य मंदिर में विराजने वाले है इसी तात्पर्य में अयोध्या से रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रण के पूजित व अभिमंत्रित अक्षत कलश को घर घर पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम के हनुमान मंदिर पर कलशों के पूजा अर्चना के उपरांत हनुमान चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया।

वही ग्राम रामपुरा,जसमत, छापर, रोलगांव, कन्नौद मिर्ची आदि गांव से आए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के माथे पर रख कर कलश दिए गए जिनको नगर भ्रमण कराया गया। यह कलश कार्यक्रता अपने अपने गांव लेकर जाएंगे फिर वह गांव गांव प्रत्येक हिन्दू परिवार में आमंत्रण के अक्षत पहुंचाएंगे



कार्यकर्म के मुख्य अतिथि तरुण मुरारी बापू ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन कार सेवा से लेकर आज पूरा हिन्दू समाज जनमानस भगवान राम जी के स्वागत के लिए तैयार है सभी ग्राम वाशी 22 जनवरी को गांव के मंदिरों को भव्य सजाए व हर घर 5 दीपक अवश्य लगाए। इस मौके पर बजरंग दल जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, प्रांत सेवा प्रमुख गोपालदास राठी, समर्षता प्रमुख राजेंद्र सिंह टाक, जिला उपाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, संयोजक अशीष सिसोदिया, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट, मंत्री भरोस जाट, संयोजक राम सिंह ठाकुर, नवीलाल जाट, धर्मेंद्र ठाकुर, रामपुरा कला मान सिंह ठाकुर, इलाई डीडी वैरागी, आके सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच बने सिंह ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, यशवंत पटेल, ज्ञान सिंह वर्मा, सरपंच छापर धर्मेंद्र धनगर, सरपंच रोलागाव वीरेन्द्र जैन, तिलक राम जाट, विकास जाट, दीपक जाट, सुमित जाट, अरुण जाट, सोहन सोनी, कैलाश बैरागी, कान्हा महेश्वरी, सुनील विश्वकर्मा धर्मेंद्र पंडित आदि लोग उपस्थित थे।